## वार्षिक प्रतिवेदन 2024-2025

# जिला पर्यावरण सुधार समिति






राजकीय बालिका महल उच्च प्राथमिक विद्यालय के सामने

वार्ड नम्बर 46, झुंझुनूं ( राज. ) 333001


टेलीफोन नम्बर 01592-230952

मोबाईल नम्बर 9414080952, 7073740952

ई-मेल jjnjzpss@gmail.com, jzpss_c1@yahoo.co.in

www.zpss.org.in

# संस्था का कार्यक्षेत्र



## स्वयं की कलम से...

मेरे प्यारे साथियों,



संस्था झुंझुनूं जिला पर्यावरण सुधार समिति ( पूर्व नाम ) वर्तमान नाम जिला पर्यावरण सुधार समिति ने 6 वर्ष पूर्ण कर लिये है। यह सब आप सभी का सहयोग व आशिर्वाद का फल है। संस्था का 33वां वार्षिक प्रतिवेदन आपके समक्ष प्रस्तुत करते हुए अत्यन्त हर्ष हो रहा है। 15 अगस्त 1991 में मैने इस संस्था की स्थापन कर 17 फरवरी 1992 से वैधानिक रजिस्ट्रेशन करवाकर पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य करना प्रारम्भ किया । मुझे आभास हुआ कि समाज में और भी गम्भीर मुद्द है, जिन पर संस्था को कार्य करने की आवश्यकता है। वर्तमान में संस्था समाज के गम्भीर मुद्दों को लेकर सामाजिक क्षेत्र में कार्य कर रही है, तांकि आम जन का सर्वागीण विकास हो सके। संस्था भारत सरकार, राज्य सरकार व स्थानीय जिला प्रशासन के सहयोग से समाज की भागीदारी से आम नागरिकों के जीवन में खुशी एवं समृद्धि लाने का हर सम्भव प्रयास कर रही है।

संस्था का प्रारम्भ से ही प्रयास रहा है, सरकार तथा आमजन के मध्य कड़ी का काम करते हुये दोनों की सक्रीय भागीदारी सुनिश्चित करने का कार्य मिल जाये।


संस्था की ओर से बाल अधिकार, महिला उत्पीड़न, स्वास्थ्य पोषण, आजीविका, पीने के पानी, शिक्षा, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, पर्यावरण संरक्षण, सड़क सुरक्षा, अनाथ एवं बेसहारा बच्चों, स्वच्छ भारत अभियान, लुप्त होयी सांस्कृति पुरानी धरोहर को बचाने का प्रयास किया, हस्तशिल्पियों के साथ विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर परियोजनाओं का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है।

जिला पर्यावरण सुधार समिति ने अपने संविधान एवं उद्देश्य के अनुरूप विभिन्न विषयों पर कार्य किया है। देश-प्रदेश व जिलास्तर पर सरकारी व गैर सरकारी संस्थाओं एवं विभागों के सहयोग व समन्वय तथा व्यापक जन भागीदारी से सभी स्तरों पर संस्था की सुदृढ़ शाख बनी है। संस्था द्वारा किये गये कार्यों के लिए समय-समय पर संस्था को जिला, राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित भी किया जाता रहा है, जिससे संस्था को और भी मजबूती के साथ समाज के उत्थान के लिए कार्य करने की प्रेरणा मिलती रही है। संस्था द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों एवं परियोजना के सफल क्रियान्वयन में समुदाय, केन्द्र, राज्य तथा जिला स्तर जैसे झुंझुनूं, चुरू, सीकर, अजमेर, हनुमानगढ़ व श्रीगंगानगर जिलों के प्रशासन का पूर्ण सहयोग रहा है, जिसका में आभार प्रकट करता हूँ साथ ही इनके अतुलनीय सहयोग की अपेक्षा भविष्य में भी करता हूँ। मैं संस्था के समस्त सदस्यों व कर्मठ कार्यकर्ता के सहयोग तथा मार्गदर्शन प्रदान के लिए आभारी हूँ।

वर्ष 2024-2025 का वार्षिक प्रतिवेदन आपको सादर समर्पित है। आगामी वर्षों में भी सभी को साथ लेकर समाज के हर वर्ग तक पहुंच कर उनका संर्वागीण विकास करना हमारा ध्येय है। मैं पुनः सभी सहयोगियों का तहेदिल से संस्था को 33 वर्ष पूर्ण होने पर आभार प्रकट करता हूँ। दिल और आत्मा के साथ हार्दिक शुभकामनाओं के साथ। मैं सभी सहयोगियों का तहेदिल से आभार प्रकट करता हूं।

राजेश अग्रवाल

# EXECUTIVE COMMITTEE MEMBERS



Sh. Aiajaz Nabi
President
9414800961



Sh. Rajesh Agarwal
Secretary
9414080952



Sh. Abhishek Murarka
Treasurer
7690067421



Smt. Anju Sharma
Vice President
7597507007



Smt. Bhanwari Devi
Member
9950189110



Smt. Guddi Devi
Member
9928895534



Smt. Manju Devi
Member
9784415882



Smt. Sultana Bano
Member
9929462648



Sh. Asgar Ali Joiya
Member
9680254786

सत्यमेव जयते

राजस्थान सरकार

# सहकारिता विभाग / COOPERATIVE DEPARTMENT

## कार्यकारिणी की सूची / EXECUTIVE COMMITTEE LIST

**पं. संख्या / REG. NO.- 102/JJN/1991-1992** दिनांक / DATE- 15-07-2022

**ZILA PARYAWARN SUDHAR SAMITI** जिला **झुन्झुनू** राजस्थान सोसाइटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1958 ( राजस्थान एक्ट नंबर 28, 1958 ) के अन्तर्गत पंजीकृत संस्था है। इस संस्था की परिवर्तित कार्यकारिणी अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय मे राजस्थान सोसाइटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1958 की धारा– 4 ( 1 ) के अन्तर्गत प्रस्तुत की गई है जिसे संस्था के रिकॉर्ड मे संधारित किया जाता है।

**ZILA PARYAWARN SUDHAR SAMITI** DISTRICT **Jhunjhunu** IS A REGISTERED INSTITUTION UNDER THE RAJASTHAN SOCIETIES REGISTRATION ACT, 1958 ( RAJASTHAN ACT NUMBER 28, 1958 ) . THE CHANGED EXECUTIVE COMMITTEE OF THE INSTITUTION IS SUBMITTEED BEFORE THE UNDERSIGNED UNDER THE RAJASTHAN SOCIETIES REGISTRATION ACT, 1958

SECTION- 4 ( 1 ) WHICH IS FILED IN THE SOCIETY'S RECORD.

| Sl. No. | Photo | Name | Gender | Post | Address | DOB |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 |  | Abhishek Murarka | MALE | Treasurer | | 03/02/1988 |
| 2 |  | Aiajaz Nabi | MALE | President | | 01/01/1961 |
| 3 |  | Anju Sharma | FEMALE | Vice President | | 03/06/1979 |
| 4 |  | Asgar Ali Joiya | MALE | Member | | 07/05/1958 |
| 5 |  | Bhanwari Devi | FEMALE | Member | | 01/10/1988 |
| 6 |  | Guddi | FEMALE | Member | | 01/07/1981 |
| 7 |  | Manju | FEMALE | Member | | 01/01/1984 |
| 8 |  | Rajesh Agarwal | MALE | Secretary | | 02/10/1968 |
| 9 |  | Sultana Bano | FEMALE | Member | | 01/04/1986 |

नोट– इसे रजिस्ट्रार द्वारा शासी निकाय / GOVERNING BODY की वैधानिकता का अनुमोदन नहीं माना जावे ।

Reg.No. JJN/102/1991 -92

# जिला पर्यावरण सुधार समिति

## ZILA PARAYAVARAN SUDHAR SAMITI

**Head Office**
Near Chomalo ki kutiya
Opp.Gov.Girls mahal School
Ward No.46 Jhunjhunu (Raj.)
Email.jzpss_c1@yahoo.co.in
jjnjzpss@gmail.com
01592-230952, 9414080952

**ISO Registration No.**
9001:2015

www.jzpss.org.

**Branch Office**
Child help Line 1098
Jyoti Nagar -Agarsen Nagar
Churu (Raj.) Ph. 01562 - 250700 /294028

**Ref. No.: ZPSS/** **Date: -**

## Mission Statement:

"To foster holistic societal development through proactive engagement with communities, governmental bodies, and non -governmental organizations. JZPSS is dedicated to addressing multifaceted challenges, including the pervasive issue of violence against women, alongside environmental conservation, women's empowerment, child welfare, healthcare, education, and sustainable livelihoods. By championing participatory approaches, advocacy, and strategic partnerships, we endeavor to uplift marginalized segments, promote gender equality, and cultivate a culture of well -being, prosperity, and environmental stewardship."

## Vision Statement

"JZPSS envisions a vibrant society in Rajasthan, India, where every individual, irrespective of gender or socio -economic status, thrives in a harmonious ecosystem of opportunity and equity. We aspire to be a beacon of integrity, innovation, and inclusivity, bridging the gap between governance and grassroots, while catalyzing enduring change. Through our unwavering commitmentto excellence, collaboration, and responsiveness, we strive to inspire a future where communities flourish, empowered by knowledge, resilience, and compassion, and where violence against women is eradicated, ensuring their safety, dignity, and equal participation in society."

Rajesh Agarwal

सचिव
जिला पर्यावरण सुधार समिति
झुन्झुनू (राज.)

## "राष्ट्रीय युवा पुरस्कार 2002-2003"

## युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली

## "राज्य स्तरीय गरिमा बालिका संरक्षण पुरस्कार 2016"

### भारत -सरकार व राज्य-सरकार द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा संस्था का रजिस्ट्रेशन न.

1. **Reg. No. :- jjn/102/91-92**
2. **FCRA No. :- 125620017**
3. **PAN No. :- AAATJ5362J**
4. **80G No. :- J./06-07/1998/J.1**
5. **12A. :- 204/15**
6. **Nyk No.:- JHUNJHUNU/2002-2003/07**
7. स्वैच्छिक क्षेत्र विकास केन्द्र से सदस्यता प्रमाण पत्र-प.4( 12 )स्वै.वि.के./आयो/13 /स.क.-195
8. महिला एंव बाल विकास विभाग जयपुर द्वारा सेवाप्रदाता पंजीकरण प्रमाण पत्रः-( 1 )( 38 ) निमअ/09/से.प्र.-11
9. **E.S.I. Act 1948 and Registration Employees Date 05-08-2016**
10. **Employees' Provident Fund Act, 1952 Date 07-09-2019**
11. **Sanstha Aadhar Number :- 80047600370000009**
12. **State Bank of India :- 30616687773IFSC Code : SBIN0006098**
13. **21. HDFC Bank :- 13121450000217IFSC Code : HDFC0001312**
14. **22. PNB Bank :- 06682010026720 IFSC Code : PUNB0066810**
15. **Radio Community Center : - 91.2 Frequency "WOLLIC.NO.NWW.34320220600710"**
16. **NITI AAYOG ID :- RJ/2009/0019506**

**Voluntary Sector Development Center :- VSDC/2023/JAIPUR/74**

| क्र. स. | नाम | योगयता | पद | परियोजना का नाम | स्थान | फोन नं. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रामवतार पारिक | एम.ए.समाजशस्त्र | कोडिनेटर सीकर | राष्ट्रीय शहरी आजिविका | सीकर | 9461544152 |
| 2. | कविता | एम.ए.बी.एड | केन्द्रधिक्षक | शक्ति सदन | झुंझुनूं | 01592—230952, 294134 |
| 3. | श्रीमती बिरमता | एम.ए.समाजशस्त्र | हैल्पर | | | |
| 4. | कुमारी रेखा चौधरी | 10 वी | हैल्पर | | | |
| 5. | सरिता देवी | 12 वी | हैल्पर | | | |
| 6. | आरती | 12 वी | हैल्पर | | | |
| 7 | दिपिका चाहर | बी.ए.बी.एड | केन्द्रधिक्षक | | | |
| 8. | राजबाला | 8 वी | कुक | | | |
| 9. | बबिता | बी.ए.बी.एड | सहायक निदेशक | | | |
| 10. | रोहित शर्मा | बी.कोम | कम्प्यूटर ऑपरेटर | | | |
| 11. | विजेन्द्र | 12 वी | गार्ड | | | |
| 12. | अंकित | 12 वी | गार्ड | | | |
| 13. | मदनलाल सोनी | 12 वी | ड्राइवर | | | |
| 14. | जितेन्द्र सोनी | 10 वी | सहायक कर्मचारी | | | |
| 15. | साक्षी शर्मा | 12 वी | हैल्पर | | | |
| 16. | अनुप सैनी | 12 वी | रेडियो जॉकी | कम्यूनिटी रेडिया स्टेशन 91.2 | झुंझुनूं | 01592—230952, 294134 |
| 17. | पुनम जांगिड | 12 वी | रेडियो जॉकी | | | |
| 18. | ईमरान खान | एम.ए. | रेडियो जॉकी | | | |
| 19. | कामिनी | एल.एल.बी | परामर्शदाता | महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र | पुष्कर | 9314876470 |
| 20. | पुजा कुमारी दायमा | एम.ए. | परामर्शदाता | | | |
| 21. | कोमल सैन | एल.एल.बी | परामर्शदाता | महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र | केकडी | 9649992155 |
| 22. | अनुराधा | एम.ए. | परामर्शदाता | | | |
| 23. | श्रीमती मोहनी देवी | एल.एल.बी | परामर्शदाता | महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र | अजमेर | 01545—2660355, 8890725263 |
| 24. | श्रीमती नीलू सैन | एम.ए.समाजशस्त्र | परामर्शदाता | | | |
| 25. | कविता वैश्नव | एम.ए.समाजशस्त्र | परामर्शदाता | महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र | किशनगंज | 8233341671 |
| 26. | खुशबु देवी | एम.ए.समाजशस्त्र | परामर्शदाता | | | 9664253323 |
| 27. | श्रीमती भाग्य लक्ष्मी | एम.ए.समाजशस्त्र | परामर्शदाता | महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र | सीकर | 6376420035 |
| 28. | श्रीमती निर्मला देवी | एम.ए.समाजशस्त्र | परामर्शदाता | | | |
| 29. | तारामणी | एम.ए.समाजशस्त्र | परामर्शदाता | महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र | लक्ष्मणगढ | 9352349985 |
| 30. | मन्जु स्वामी | एल.एल.बी | परामर्शदाता | | | 7728906877 |
| 31. | सितो देवी | एल.एल.बी | परामर्शदाता | महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र | श्रीगंगानगर | 9166382078 |
| 32. | रिना देवी | एम.ए.समाजशस्त्र | परामर्शदाता | | | 6375257944 |
| 33. | बबीता देवी | बी.ए. | परामर्शदाता | वन स्टॉप सखी सेन्टर | झुंझुनूं | 9414130670 |
| 34. | सरोज योगी | बी.ए. | परामर्शदाता | | | |
| 35. | अंकीता देवी | 12 वी | कम्प्यूटर ऑपरेटर | | | |
| 36. | शारदा देवी | पीजीडीसीए | कम्प्यूटर ऑपरेटर | | | |
| 37. | जिनेश देवी | आर.एस.आईटी | कम्प्यूटर ऑपरेटर | | | |
| 38. | प्रवीणा मीणा | साक्षर | हैल्पर | | | |
| 39. | मुन्नी देवी | साक्षर | हैल्पर | | | |
| 40. | राहुल चौरसिया | 10 वी | गार्ड | | | |
| 41. | दिनेश कुमार | पीजीडीसीए | कम्प्यूटर ऑपरेटर | | | |
| 42. | दीप सिंह | 10 वी | गार्ड | | | |
| 43. | पृथ्वी सिंह | 10 वी | गार्ड | | | |

# संस्था द्वारा संचालित परियोजना एवं कार्यक्रमों का विवरण :-

## महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र :-

महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र का मतलब महिलाओं के हितों की रक्षा के लिए बनाया गया केन्द्र है इन केन्द्रो का मकसद महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्ति करना और शिकायतों का समाधान करना है।

हमारी संस्था द्वारा चलाये जा रहे महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्रों के माध्यम से पीड़ित महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करता है, घरेलू हिंसा के मामलों में ये केन्द्र जिलों के सुरक्षा अधिकारी को सुरक्षा रिपोर्ट दाखिल करता है, चिकित्सा एवं कानूनी सहायता, मनोवैज्ञानिक-सामाजिक समर्थन, आश्रय, आर्थिक पुनर्वास तथा अन्य आवश्यक राहत प्रदान करते है।

महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र घरेलू हिंसा अधिनियम 2005 के तहत पीड़ित महिलाओं को विधिक, चिकित्सा, परामर्श एंव अन्य आवश्यक सेवाएं प्रदान करने में सहायता प्रदान करता है। जिला पर्यावरण सुधार समिति द्वारा महिला आधिकारिता विभाग के सहयोग से महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र राजस्थान के अजमेर जिले के पुष्कर व केकड़ी, मदनगंज, श्रीगंगानगर, सीकर जिले के सीकर महिला पुलिस थाना व लक्ष्मणगढ़, श्रीगंगानगर जिले के महिला पुलिस थाना, इस सत्र 2025-26 में महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र राजस्थान के विभिन्न जिलों के पुलिस थानों में संचालित किये जा रहे है।



श्रीगंगानगर :- महिला सुरक्षा सलाह केन्द्र महिला अधिकारिता विभाग व जिला पर्यावरण सुधार समिति की कार्यशाला, जेंडर आधारित भेदभाव सामाजिक सोच पर निर्भर करता है। जिसमें बदलाव की आवश्यकता है। यह बात महिला अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक विजय कुमार ने कही। 22.08.2024 के महिलाओं के साथ एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला पर्यावरण सुधार समिति के सचिव राजेश अग्रवाल ने आमजन को कानुन को ढ़ाल के रूप में अपने बचाव के लिए न की तलवार के रूप में, कार्यक्रम में महिलाओं को कठिन परिस्थितियों में आत्मरक्षा बचाव कैसे करे। इस पर विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।





**( एक दिवसीय कार्यशाला की फोटो श्रीगंगानगर )**

सीकर :- सीकर जिले के थाना परिसर में महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र का संचालन किया जा रहा है। जिसमें परामर्शदाता के पद पर भाग्यलक्ष्मी व निर्मला द्वारा केन्द्र का संचालन किया जा रहा है। जिसमें महिला द्वारा पारिवारिक मामलों के केस बिलकुल आम हो गये है। इसका मुख्य कारण इसकी पूर्ण जानकारी नहीं होना व सहनशक्ति की कमी है। ऐसे सही तरिके से समझाया जाये तो मामले का निपटारा बिना केस के ही आसानी से किया जा सकता है।





लक्ष्मणगढ :- महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र की बैठक दिनांक 22.05.2024 को आयोजित की गई जिसमें ब्लॉक पर्यवेक्षक निर्मला ने बताया की महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र की विधिक परामर्शदाता मंजू स्वामी ने घरेलू हिंसा अधिनियम 2005, लैंगिक उत्पीड़न निवारण प्रतिषेध प्रतितोष अधिनियम पोक्सो एक्ट 2013 के बारे में जानकारी प्रदान की, सामाजिक परामर्शदाता तारामणी ने महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र में दी जाने वाली सेवाओं के बारे में जानकारी देते हुए हैल्पलाईन नम्बर 181, चाइल्ड हैल्पलाईन नम्बर 1098 की जानकारी दी।






केकड़ी :- महिला सुरक्षा एंव सलाह केन्द्र का संचालन दिनांक 21.03.2025 प्रारम्भ किया गया। जिसमें परामर्शदाता के पद पर अनुराधा एवं कोमल सैन है। इन्होने 06.05.2025 को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जिसम आंगनबाड़ी वर्कस को महिलाओं व बालिकाओं के प्रति सामाजिक कुरितियों से निजात दिलाने व कानुनी व्यवस्था के बारे में जानकारी प्रदान की व साथ ही महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों से निजात दिलाने व कानुनी सलाह के बारे में रूबरू करवाया गया।



पुष्कर :- अजमेर जिले के पुष्कर में महिला सुरक्षा एवं सलाह कार केन्द्र का संचालन जिला पर्यावरण सुधार समिति द्वारा किया जा रहा है। जिसमें परामर्शदाता के द्वारा घरेलू हिंसा अधिनियम 2005, लैंगिक उत्पीड़न निवारण प्रतिषेध प्रतितोष अधिनियम पोक्सो एक्ट 2013 के बारे में जानकारी प्रदान की, सामाजिक परामर्शदाता ने महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र में दी जाने वाली सेवाओं के बारे में जानकारी देते हुए हैल्पलाईन नम्बर 181, चाइल्ड हैल्पलाईन नम्बर 1098 की जानकारी दी। बाल विवाह पर रोकथाम लगाने व बाल विवाह रोकने की शपथ दिलाई गई।





**वर्ष 2023-24 में प्रकरणों का विवरण :-**

| प्रकरण | अजमेर मदनगंज | श्रीगंगानगर | सीकर | लक्ष्मणगढ़ | अजमेर पुष्कर | अजमेर केकड़ी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| घरेलु हिंसा | 103 | 137 | 200 | 145 | 0 | 0 |
| दहेज़ | 92 | 5 | 111 | 47 | 0 | 0 |
| भरण पोषण | 17 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 |
| बच्चा दिलाने | 1 | 1 | 4 | 0 | 0 | 0 |
| आश्रय | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| सम्पति विवाद | 1 | 2 | 2 | 0 | 0 | 0 |
| कुल प्रकरण | 215 | 145 | 319 | 192 | 0 | 0 |

# वन स्टॉप सेंटर ( सखी )

सखी एक वन स्टॉप सेंटर है जो हिंसा या विपत्ति जनक स्थिति से प्रभावित महिलाओं को पुलिस सुविधा, चिकित्सा सहायता, विधिक सहायता एवं परामर्श, मनो-सामाजिक परामर्श तथा अस्थायी आश्रय सहित एक छत के नीचे अनेक एकीकृत सेवाएं प्रदान करता है।

महिला अधिकारिता विभाग के सहयोग से जिला मुख्यालय झुंझुनूं में भगवान दास खेतान अस्पताल में जिला पर्यावरण सुधार समिति द्वारा वन स्टॉप सेंटर ( सखी ) का संचालन किया जा रहा है

सखी वन स्टॉप सेंटर, महिलाओं और बालिकाओं को हिंसा से बचाने के लिए केन्द्र सरकार की यह योजना है इस योजना के तहत, हिंसा से पीड़ित महिलाओं और बच्चियों को एक ही जगह पर कई तरह की सुविधाए दी जाती है।

### इस योजना के बारे में ज़्यादा जानकारी:

- सखी वन स्टॉप सेंटर की योजना, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय (एमडब्ल्यूसीडी) ने शुरू की थी
- यह योजना 1 अप्रैल, 2015 से लागू की गई थी.
- इस योजना के तहत, हिंसा से पीड़ित महिलाओं को तुरंत और आपातकालीन मदद दी जाती है.
- सखी वन स्टॉप सेंटर में, महिलाओं को पुलिस, चिकित्सा, काउंसलिंग, और मनोवैज्ञानिक सलाह दी जाती है.
- यहां, महिलाओं को एफ़आईआर दर्ज कराने में भी मदद की जाती है.
- हिंसा से पीड़ित महिलाएं अपने बच्चों के साथ पांच दिन तक सेंटर में रह सकती हैं.
- दीर्घकालिक आश्रय के लिए, स्वाधार गृह या अल्पकालिक गृह का विकल्प दिया जाता है.
- पूरे देश में 802 वन स्टॉप सेंटर हैं.

### वन स्टॉप सेंटर ( सखी ) संचालन का मुख्य उद्देश्य :-

वन स्टॉप सेंटर का उद्देश्य निजी और सार्वजनिक स्थानों, परिवार, समुदाय और कार्यस्थल पर हिसा से प्रभावित महिलाओं की सहायता करना है। उम्र, वर्ग, जाति, शिक्षा स्थिति, वैवाहिक स्थिति, नस्ल और संस्कृति की परवाह किए बिना शारीरिक, यौन, भावनात्मक, मनोवैज्ञानिक और आर्थिक शोषण का सामना करने वाली महिलाओं को समर्थन और निवारण की सुविधा प्रदान की जाती है। यौन उत्पीड़न के प्रयास, यौन उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, तस्करी, सम्मान से संबंधित अपराध, एसिड हमले या डायन-शिकार के कारण किसी भी प्रकार की हिंसा का सामना करने वाली पीड़ित महिलाएं जो वन स्टॉप सेंटर तक पहुचती है या उन्हे विशेष सेवाएं प्रदान की जाती है।

- एक ही छत के नीचे हिंसा से पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं को एकीकृत रूप से सहायता एवं सहयोग प्रदाय करना।
- पीड़ित महिला एवं बालिका को तत्काल आपातकालीन एवं गैर आपातकालीन सुविधायें उपलब्ध करना, जैसे-चिकित्सा, विधिक, मनौवैज्ञानिक परामर्श आदि।

**महिला अधिकारिता विभाग के सहयोग से जिला मुख्यालय झुंझुनूं में जिला पर्यावरण सुधार समिति द्वारा वन स्टॉप सेंटर ( सखी ) का संचालन किया जा रहा है।**

## बालिका आश्रय गृह :-

18 वर्ष से कम आयु की निराश्रित, परित्यक्त भिक्ष्यावर्ती करने वाली, शोसित, अनाथ, अप्रवासी, गुमशुदा अथवा अनाधिकृत कच्ची बस्तियों में रहने वाली या हासिये पर जीवन जीने वाली जरुरत मंद बालिका को सरंक्षण व सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से जिला पर्यावरण सुधार समिति द्वारा बाल अधिकारिता विभाग के सहयोग से वर्ष 2015 से चूरू जिला मुख्यालय पर बालिका आश्रय गृह का संचालन किया जा रहा है।इस योजना के तहत इस वर्ष कुल 14 जरुरत मंद बालिका को सरंक्षण व सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से बालिकाओं को प्रवेश दिया गया जिनको आश्रय गृह में नि:शुल्क आवास, भोजन एवं पोषण, परामर्श, मनोरंजन व खेलकूद व कानूनी सलाह प्रदान की जाती है।

### बाल विवाह रोकथाम हेतु हस्ताक्षर अभियान :-



चुरू जिला मुख्यालय पर जिला कलेक्टर श्रीमती पुष्पा शत्यानी के मुख्य आतिथ्य में बाल विवाह रोक थाम की जागरूकता हेतु महिला अधिकारिता विभाग चूरू के सौजन्य से हस्ताक्षर अभियान अक्षय तृतीया के अवसर पर दिनांक 09.05.2024 महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक विपल्व न्योला उपखण्ड अधिकारी विजेन्द्र सिंह चाईल्ड हेल्प लाईन के पन्ने सिंह, असगर अली जोइया संस्था निदेशक श्रीमती भंवरी देवी आदि ने कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।



## शक्ति सदन :-

शक्ति सदन जो हिंसा या विपत्ति जनक स्थिति से प्रभावित महिलाओं को आवास, भोजन, कपड़ा साथ ही संस्था द्वारा संचालित वन स्टॉप सखी सेन्टर के माध्यम से प्रताड़ित महिलाओं को पुलिस सुविधा, चिकित्सा सहायता, विधिक सहायता एवं परामर्श, मनो-सामाजिक परामर्श दिया जाता है। शक्ती सदन के माध्यम से स्थायी आश्रय सहित एक छत के नीचे अनेक एकीकृत सेवाएं प्रदान करता है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, जयपुर के सहयोग से जिला मुख्यालय झुंझुनूं में संस्था जिला पर्यावरण सुधार समिति द्वारा शक्ति सदन का संचालन गत 6 वर्ष से किया जा रहा है।



( आवासनी का जन्मदिन मनाते हुऐ )

शक्ति सदन का संचालन महिलाओं और बालिकाओं को हिंसा से बचाने के लिए केन्द्र सरकार की यह योजना है इस योजना के तहत, हिंसा से पीड़ित महिलाओं और बच्चियों को एक ही छत के निचे आवास, भोजन, कपड़ा की सुविधाए दी जाती है। शक्ति सदन का संचालन महिला एवं बाल विकास मंत्रालय से अनुदानित व राजस्थान सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के दिशा-निर्देश में जिला मुख्यालय पर किया जा रहा है। शक्ति सदन योजना के अन्तर्गत संस्थागत ढांचे का निर्माण करके बेबस, लाचार और बेसहारा महिलाओं को अस्थायी रूप से आश्रयसाथ उनको आत्मनिर्भर बनाने एवं खुद के पैरों पर खड़ा करने के लिए विभिन्न प्रयास किये जाते हैं।

## शक्ति सदन योजना के उद्धेश्य :-

शक्ति सदन योजना के तहत बेबस और बेसहारा महिलाओं को रहने के लिए आश्रय, भोजन, वस्त्र एवं चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराना।

- महिलाओं को भावनात्मक रूप से सुदृढ़ एवं मजबूत बनाना।
- इन महिलाओं को आवश्यक कानूनी सहायता उपलब्ध करवाना तथा इन्हें स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षण प्रदान कर आत्मनिर्भर बनाना।

संस्था जिला पर्यावरण सुधार समिति द्वारा स्वधार गृह का संचालन 20 मार्च 2020 से किया जा रहा है। अक्टूबर 2023 में स्वधार गृह का नाम परिवर्तन कर शक्ति सदन कर दिया गया था। जिसके बाद से शक्ति सदन का संचालन किया जा रहा है।

संस्था द्वारा वर्ष 2024-25 में 25 आशिनी महिलाओं एंव 13 अधिकारियों/कर्मचारियों को शक्ति सदन योजना के अन्तर्गत लाभान्वित किया गया। जिसमें राजस्थान, त्रिपुरा, उड़ीसा, हरियाणा, झारखंड, पश्चिम बंगाल, आसाम राज्यों की जरूरतमंद महिलाओं को शक्ति सदन में आवश्यक सेवाएं दी गई। इनमें से अधिकांश के घर वालों का पता लगाकर उनको सुपुर्द किया गया। वर्तमान शक्ति सदन में 6 महिला एवं 2 बच्चे आवासरत है।

## अंतराष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च 2025 :-




अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में शक्ति सदन में कार्यक्रम का आयोजन करते हुए।

## आजीविका उद्यम विकास कार्यक्रम :-

जिला पर्यावरण सुधार समिति झुंझुंनू द्वारा चुरू जिले में एलईडीपी (LEDP) में माध्यम से तारानगर तहसील के रामपुरा गांव में 20 महिलाओं को बड़ौदा राजस्थान क्षैत्रीय ग्रामीण बैंक, तारानगर प्रदान करवाया गया। ऋण स्वीकृति के पश्चात पशुपालन की जिसमें श्रीमती पिंकी धाणक धर्मपत्नी श्री महावीर प्रसाद व श्रीमती द्रोपती देवी धर्मपत्नी श्री महेश कुमार सैनी के यहां दो-दो गाय, चारा, खल व उपकरण देकर डेमोस्टेशन युनिट की स्थापना की गई। बड़ौदा राजस्थान क्षैत्रीय ग्रामीण बैंक, तारानगर से महिलाओं को अलग-अलग समूहो के माध्यम से ऋण प्रदान उपलब्ध करवाकर रोजगार प्रदान करवाया गया है।






**विश्व पृथ्वी दिवस :-** संस्था द्वारा 22 अप्रेल 2024 को विश्व पृथ्वी दिवस झुंझुनूं जिले के बीड़ वन क्षेत्र में मनाया गया। वन विभाग के उप वन संरक्षक, श्री बी.एल. नेहरा, क्षेत्रीय वन अधिकारी श्री अमित कुमार, वनरक्षक श्री दिनेश कुमार, श्री राणी सती राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय , झुंझुनूं की छात्राओं व प्रचार्य मधु पुजारी और अन्य पर्यावरण प्रेमियों ने भाग लिया। जिसमें संस्था सचिव राजेश अग्रवाल, कोषध्यक्ष श्री अभिषेक मुरारका, संस्था सदया श्रीमती भंवरी देवी, विश्व पृथ्वी दिवस पर मंचासीन व पर्यावरण प्रेमियों ने प्लास्टिक मुक्त व पौधों कटाई रोकने हेतु व पौधारोपण हेतु अपने विचार व्यक्त किये। प्लास्टिक मुक्त के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए बताया गया की इससे वातावरण दुषित होता है तथा प्लास्टिक से हो रहे नुक्शान के बारे में अवगत करवाया गया। इस अवसर पर बताया गया कि घरेलू कचरा वगैरह प्लास्टिक की थैली में डालकर लोग पर्यावरण को ही नहीं अपितु जीवों को भी नुकसान पहुचा रहे है। इससे आवारा पशु बिमार हो जाते है यहां तक की मर भी जाते है इसलिए प्लास्टिक मुक्त पर अपने विचार व्यक्त किये गये।






जिला पर्यावरण सुधार समिति के सदस्यों द्वारा चुरू में भी विश्व पृथ्वी दिवस का आयोजन किया गया जिसमें संस्था सदस्यों ने पर्यावरण/पृथ्वी को दुषित करने वाले प्लास्टिक की रोकथाम के लिए अपने भाव व्यक्त कर लोगो को जागरूक करने के लिए सभी को साथ मिलकर समस्त भारत को प्लास्टिक मुक्त के लिए लोगों को जागरूक कहा गया। प्लास्टिक की थैलीयों का बहिष्कार करे और कपड़े से बने थैलों को उपयोग में लेने के लिए आग्रह किया साथ ही प्लास्टिक से हो रहे नुक्शान के बारे में अवगत करवाया गया। इस अवसर पर बताया गया कि घरेलू कचरा वगैरह प्लास्टिक की थैली में डालकर लोग पर्यावरण को ही नहीं अपितु जीवों को भी नुकसान पहुचा रहे है।

विश्व पृथ्वी दिवस पर चित्रकला, नारा लेखन प्रतियोगिता, गायन प्रतियोगिता का आयोजन जिला पर्यावरण सुधार समिति द्वारा किया गया। जिसमें चित्रकला में नमश्विनी जोशी, खुशी नायक व कनक हिसारिया, नारा लेखन में कोमल सैनी, भाविका टेलर व अर्पिता मारवाल, गायन प्रतियोगिता में अवनी पांडे, उजमा बानो व खुशी सैनी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया।




## विश्व पर्यावरण दिवस :-

संस्था सचिव श्री राजेश अग्रवाल द्वारा झुंझुनूं जिले में 5 जुन 2024 को विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण जन जागरूकता कार्यक्रम व रैली का आयोजन किया। विश्व पर्यावरण दिवस पर राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल एवं वन विभाग झुंझुनूं के संयुक्त तत्वाधान में पर्यावरण जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। पर्यावरण जन जागरूकता रैली को जिला परिषद सीईओ अंबालाल मीणा, वन विभाग के डीएफओ बनवारी लाल नेहरा, पर्यावरण प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी दीपक धनेटवाल, जिला युवा अधिकारी डॉ. मधु यादव व पर्यावरण सुधार समिति सचिव श्री राजेश अग्रवाल ने हरी झंड़ी दिखाकर रवाना किया। रैली शहीद जेपी जानू स्कूल से शुरू होकर झुंझुनूं शहर के विभिन्न मार्गों से होती हुई कलेक्ट्रेट सर्किल पहुची। जहां पर सूचना केन्द्र में विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण कर सभी को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलवाई गई। जिसमें अवगत करवाया गया कि जिलेभर में पौधारोपण को लेकर विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसको लेकर तैयारी कर दी गई है। मानसून के साथ ही जिले भर में पौधारोपण शुरू किया जाएगा। उन्होने कहा की जिस तरह से मौसम में परिवर्तन और हीट वेव है उसको देखते हुए एक मात्र विकल्प पौधारोपण का है। रैली के माध्य से आमजन से भी अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की गई है। वन विभाग के डीएफओ श्री बनवारी लाल नेहरा ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस जागरूकता से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस साल जिले में 9 लाख 73 हजार 899 पौधों का वितरण किया जाएगा। वहीं 8 लाख से अधिक पौधे वन विभाग द्वारा लगाए जाएगे। रैली समापन पर सूचना केन्द्र में हुए कार्यक्रम में विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पाने वाले को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात विश्व पर्यावरण दिवस पर जन-जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से कठपुतली नृत्य का आयोजन किया गया। अंत में उपस्थित सभी को कपड़े के बैग वितरित कर प्लास्टिक पर रोक लगाकर पर्यावरण को प्रदुषण मुक्त बनाने का संदेश दिया।




संस्था सदस्य श्रीमति भंवरी देवी, श्री किशन वर्मा के सहयोग से चूरू जिले में 5 जुन 2024 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय के नजदीक गांधी ग्राम रामसर में मोक्ष धाम में महिलाओं के सहयोग वृक्षों की पूजा कर रक्षा रक्षा सूत्र बांधकर वृक्षों की कटाई को रोकने व वृक्ष लगाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मण्डल व जिला पर्यावरण सुधार समिति के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों महिलाओं ने मंगल गीत गाते हुए वृक्षों को रक्षा सूत्र बांधते हुए तिलक लगाकर उनका अभिनन्दन और उनके लंबे जीवन की मंगल कामनाएं की इस अवसर पर महिलाओं ने बताया कि जिस प्रकार गर्मी ने अपना प्रचंड रूप दिखाया है उससे हमें सबक लेते हुए पर्यावरण में वृक्षों की मेहता को आम जनता तक जन-जन तक पहुचाना चाहिए और साथ ही प्लास्टिक चीजों का संपूर्ण रूप से बहिष्कार करना चाहिए कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शुरू की चेतना ग्रुप के एडवोकेट श्री रामेश्वर, प्रजापति प्रदुषण नियंत्रण मण्डल की अधिकारी श्री निर्मल जी, जिला पर्यावरण सुधार समिति के डायरेक्टर श्रीमती भंवरी देवी, श्री किशन वर्मा, भाजपा नेता श्री असगर अली जोहिया और महिलाओं, पुरूषओं और बालक-बालिकाओं ने भाग लिया। सभी ने यह संकल्प लिया कि हम अधिक से अधिक पेड़ लगाकर प्लास्टिक की हर चीजों को बहिष्कार करेंगे।





## क्लाईमेंट इन्टरनेशनल ट्रेनिंग प्रोगाम :-

जिला पर्यावरण सुधार समिति के सचिव श्री राजेश अग्रवाल ने प्रोग्राम डायरेक्टर अरूण खड़का के पत्र पर 24 सितम्बर से 27 सितम्बर 2024 में चार दिवसीय क्लाईमेट एक्शन सीरीज 3 में हिस्सा लिया। इस अवसर पर एशिया के विभिन्न देशों भारत, नेपाल, भूटान, बांगलादेश, पाकिस्तान, श्रीलंका, पोलेण्ड और इण्डोनेशिया आदि के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। संस्था के सचिव श्री राजेश अग्रवाल ने अपने अनुभव के आधार पर बताया कि अगर हम सभी मिलकर क्लाईमेट के प्रति कार्य करे तो ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करना होगा तथा नई तकनीकी से खेती व पौधारोपण करे और पौधों की हो रही अन्धाधुन कटाई को रोके। अगर ऐसा नहीं किया गया तो वातावरण में प्रदुषण इतना अधिक हो जायेगा की आने वाले समय मनुष्य ही नहीं अपितु जीवजन्तु भी श्वास नहीं ले पायेगे। उन्होने अपने विचारों में बताया कि क्लाईमेन्ट के प्रभाव के कारण मौसम में भी परिवर्तन देखा जा रहा है। जिससे ना तो समय पर बारिस होती है और ना ही शर्दी-गर्मि का कोई निशचित समय काल रहा है। इससे बचने के लिए सभी मानव जाति को जागरूक होना पड़गा अगर ऐसा नहीं हो पाया तो आने वाला समय बहुत ही दयनिय होगा।



# सड़क सुरक्षा के अन्तर्गत बेसहारा मवेसियों को रेडियम बेल्ट बान्धने का कार्यक्रम का आयोजन











जिला पर्यावरण सुधार समिति द्वारा जिला परिवहन विभाग झुंझुनूं के सयुंक्त तत्वाधान में सड़क सुरक्षा माह के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तहत संस्था द्वारा झुंझुनू जिला में बेसहारा गौवंश तथा श्वानों को रेडियम युक्त बेल्ट बांधे गये। इस कार्यक्रम में एएसपी देवेन्द्र सिंह राजावत, डीटीओ श्री डॉ. मक्खनलाल जांगिड़, यातायात प्रभारी श्री हरफूल मीणा, संस्था के अध्यक्ष एडवोकेट अन्जू शर्मा, सचिव श्री राजेश अग्रवाल, संस्था के सदस्यों, नगर परिषद की टीम, हिन्दुस्तान स्काउट गाइड के सीईओ श्री प्रदीप ईशरवाल, स्पार्क हॉस्पीटल के संचालक श्री रामनिवास लाम्बा, डॉ0 सुनिता लाम्बा, लायंस कल्ब सचिव रामगोपाल गुप्ता ने भाग लिया। इस कार्यक्रम के तहत बेसहारा जानवरों को रेडियम बेल्ट बांधे गये तथा लोगो को इस हेतु जागरूक किया की जहां कही भी बेसहारा जानवर दिखाई दे उन्हे रेडियम बेल्ट बाध कर दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। संस्था द्वारा विभिन्न स्थानों पर रेडियम बेल्ट बांधने के कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिससे होने वाली दुर्घनाओं को रोका जा सके। सड़क हादसों को रोकने के लिए संस्था द्वारा मवेशियों के गले में रेडियम पट्टा बाधे गये जिसे रात को वाहन चालकों मवेसियों वगैरह आराम से दिखाई दे। संस्था द्वारा इस कार्यक्रम का शुभारम्भ श्रीमती लक्ष्मी देवी कटेवा स्व. श्री देवी सहाय कटेवा, राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय, बख्तावरपुरा में किया गया। कार्यक्रम के दौरान लोगो को सड़क सुरक्षा के नियमों के बारे में बताया गया व लोगो के सहायोग से झुंझुनूं मुख्यालय व आस-पास के गावों में भी बेसहारा गोवंशो, कुतों आदी के रेडियम बेल्ट बांधवाये गये। कार्यक्रम में अवगत करवाया गया कि सड़क दुर्घटना में ज्यादातर मौतें युवाओं की होती है। उन्होने युवाओं से स्वयं सड़क एंव यातायात नियमों पालन करने एंव दूसरों को इस सम्बन्ध में जागरूक करने के लिए कहा गया।

# संयुक्त देयता समूह जेएलजी

जेएलजी  नाबार्ड द्वारा लघु/सीमांत किसानों/किरायेदारों/मौखिक पट्टेदारों की ऋण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तथा गैर-कृषि क्षेत्र में किसानों और सूक्ष्म उद्यमों को आजीविका के अवसरों को बढ़ाने के लिए नाबार्ड द्वारा प्रचारित एक योजना है, संस्थान द्वारा सीकर ज़िले में नाबार्ड के सहयोग से इस योजना का संचालन किया जारहा है, जिसके अंतर्गत संस्थान को 200 संयुक्त देयता समूह के गठन का लक्ष्य दिया गया जिसमे अभीतक कुल 26 संयुक्त देयता समूह का गठन कर 04  समूहों को ऋण दिलाया जा चूका है।




## LEDP के तहत 90 महिलाओं को स्वरोजगार प्रशिक्षण

नाबार्ड के सहयोग से जिला पर्यावरण सुधार समिति द्वारा खाटूश्यामजी में राजिविका की 90 महिलाओं को लड्डू गोपाल की पोशाक व श्रींगार बनाने का प्रशिक्षण दिया गया इससे महिलाओं की आर्थिक स्थीति मजबूत एवं आत्मनिर्भर बनने की राह आसान होगी इस प्रशिक्षण के उपलक्ष में महिलाओं को मथूरा वृन्दावन का भ्रमण कराया गया।



# हमारे सहयोगी संस्थान

| | |
|---|---|
| | महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार |
| | सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार |
| | नाबार्ड (राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक) जयपुर |
| | सी एन आर आई ( ग्रामीण भारत की गैर सरकारी संस्थाओं का परिसंघ ) |
| | महिला अधिकारिता विभाग, अजमेर, झुंझुनू एवं सीकर |
| | बाल अधिकारिता विभाग, राजस्थान सरकार |
| | सामाजिक एवं न्याय अधिकारिता विभाग, झुंझुनू, चूरू |
| | चाइल्ड इंडिया फाउंडेशन, नई दिल्ली |
| | नेहरू युवा केंद्र संगठन, चूरू, झुंझुनू |
| | आईसीआईसीआई बैंक |
| | राजस्थान वोलंटरी हेल्थ एसोसिएशन, जयपुर |
| | बचपन बचाओ आंदोलन |
| | बर्ड, लखनऊ |
| | राष्ट्रीय महिला कोष |
| | राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन |
| | नगर परिषद्, चूरू |
| | जिला विधिक प्राधिकरण सेवा |

# संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों का मीडिया में प्रकाशन

## गले की सुरक्षा के लिए बांधे नेक बेल्ट



जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू (नवयत्न)।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के 12वें दिन प्रवाह थीम पर आम जन के गले की सुरक्षा हेतु दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए राष्ट्रीय युवा दिवस स्वामी विवेकानंद की जयंती पर जिला पर्यावरण सुधार समिति द्वारा मंगलम रेजिडेंसी सोसायटी अग्रसेन सर्किल पर मकर संक्रांति के पावन पर्व पर चाइनीज मांझे से दुपहिया वाहनों के गले से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए उनके गले की सुरक्षा के लिए नेक बेल्ट गले के बेल्ट बांधने का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें समिति के राजेश अग्रवाल, अभिषेक मुरारका, दीपिका, साक्षी शर्मा, मोनिका, अनूप सैनी, बबीता, जितेंद्र सोनी, मदन सोनी, ट्रैफिक पुलिस के हेड कांस्टेबल, विनोद कांस्टेबल, वेद प्रकाश, मंगलम रेजिडेंसी से नितिन धाबाई, विकास गोयल, यश मोदी, मनीष तुलस्यान, नंदकिशोर आदि ने मिलकर 300 से अधिक वाहन चालकों के गले की सुरक्षा हेतु नेक बेल्ट लगाएं।

## दुपहिया वाहन चालकों को नेक बेल्ट की सुरक्षा दी



(स्टेटमेन्ट संवाददाता)

**झुंझुनूं।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत रविवार को परवाह थीम के तहत आमजन की सुरक्षा के लिए नेक बेल्ट वितरित किए गए। जिला पर्यावरण सुधार समिति तथा मंगलम रेजीडेंसी के सहयोग से मकर संक्राति पर होने वाले हादसों को ध्यान में रखते हुए चाइनीज मांझे से बचाव के लिए दुपहिया वाहन चालकों को नेक बेल्ट बांटे गए। इस मौके पर समिति के राजेश अग्रवाल ने कहा कि बीते कुछ सालों में चाइनीज व धातु मिश्रित धागे के कारण दुपहिया वाहन चालक हादसों का शिकार होते है। खासकर इन धागों से गले कटने के समाचार मिलते रहते है। इसलिए एक सुरक्षा के तहत अग्रसेन सर्किल पर कैंप लगाकर दुपहिया वाहन चालकों को नेक बेल्ट बांटे गए और उन्हें बेल्ट के फायदे बताए गए। इस मौके पर समिति के अभिषेक मुरारका, दीपिका, साक्षी शर्मा, मोनिका, अनूप सैनी, बबिता, जितेंद्र सोनी, मदन सोनी, ट्रैफिक पुलिस के हैड कांस्टेबल विनोद कांस्टेबल वेदप्रकाश, मंगलम रेजिडेंसी से नितिन धाबाई, विकास गोयल, यश मोदी, मनीष तुलस्यान, नंदकिशोर आदि ने मिलकर 300 से अधिक वाहन चालकों के गले की सुरक्षा के लिए नेक बेल्ट बांटे।

## गौवंश व श्वान के लगाए रेडियम नेकबेल्ट

**झुंझुनूं।** सड़क सुरक्षा माह के तहत परवाह थीम पर शुक्रवार को परिवहन विभाग, यातायात पुलिस व जिला पर्यावरण सुधार समिति के सौजन्य से बेसहारा गौवंश तथा



कुत्तों को रेडियम बेल्ट लगाए गए, जिससे रात्रि के समय वाहन से पशुओं की टक्कर नहीं हो व दुर्घटना ना घटे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र सिंह थे, वहीं अध्यक्षता जिला परिवहन अधिकारी झुंझुनूं डॉ मक्खन कुमार जांगिड़ ने की। इस दौरान यातायात प्रभारी हरफूल मीणा व नगर परिषद की टीम, महेंद्र चंदवा, प्रदीप ईशरवाल, रामनिवास लांबा, सुनीता लांबा, रामगोपाल गुप्ता, एडवोकेट अंजू शर्मा, अभिषेक मुरारका, भंवरी दैवी, बबिता कुमारी, पूनम जांगिड़, साक्षी शर्मा ,अनुप सैनी, मदन लाल सोनी, जितेन्द्र सोनी सहित आमजन मौजूद रहे। जिला परिवहन अधिकारी मखनलाल जांगिड़ ने बताया कि अभियान के तहत 1000 गौवंश व 500 श्वानों के गले में रेडियम बेल्ट लगाए जाएंगे। आगामी 11 जनवरी को अग्रसेन सर्किल पर चाइनीज माँजे से आमजन के गले में होने वाले दुपहिया वाहन चालकों के गले की सुरक्षा हेतु भी नेकेबेल्ट लगाए जाएंगे। 4 जनवरी को 132 केवी जीएसएस झुंझुनूं पर आवश्यक



## झुंझुनूं में सड़क सुरक्षा माह के तहत हुआ कार्यक्रम

### बेसहारा गौवंश और कुत्तों को बांधे गए बेल्ट

आस-पास ब्यूरो...

**झुंझुनूं।** जिले में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दौरान एक नवाचार हुआ। जिसके तहत जिला पर्यावरण सुधार समिति द्वारा जिला मुख्यालय पर पास पड़ौस के बेसहारा गौवंश तथा कुत्तों को रेडियम युक्त बेल्ट बांधे गए। शुक्रवार को गुढ़ा रोड रेलवे फाटक के पास एएसपी देवेंद्र सिंह राजावत व डीटीओ डॉ. मक्खनलाल जांगिड़ ने बेसहारा गौवंश, कुत्तों और अन्य जानवरों को रेडियम युक्त बेल्ट बांधे। इस मौके पर एएसपी देवेंद्र सिंह राजावत ने कहा कि एक जनवरी से राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है। झुंझुनूं में हर दिन जागरूकता के कार्यक्रम हो रहे है। वहीं नवाचार भी हो रहे है। रेडियम युक्त बेल्टों से हादसों में कमी आएगी और हम काफी जिंदगियों को बचा सकेंगे। डीटीओ डॉ. मक्खनलाल जांगिड़ ने बताया कि झुंझुनूं जिले में जिला पर्यावरण सुधार समिति की ओर से दो हजार पांच काउ बेल्ट तथा पांच डॉग बेल्ट मंगवाए गए है। जो सभी बेसहारा गौवंश व कुत्तों को लगाए जाएंगे। डीटीओ ने बताया कि आंकड़ों के अनुसार पूरे भारत में एक साल में एक लाख 70 हजार लोगों की मौत सड़क हादसों से होती है। राजस्थान में यह संख्या 10 हजार है। तो वहीं झुंझुनूं में यह संख्या 300 है। जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि झुंझुनूं हर दिन औसतन एक व्यक्ति सड़क हादसों में जान गंवा रहा है। इन आंकड़ों में कमी लाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे है। वहीं रेडियम बेल्ट इसमें काफी कारगर होंगे। इस मौके पर यातायात प्रभारी हरफूल मीणा, नगर परिषद की टीम, हिंदुस्तान स्काउट गाइड के सीईओ प्रदीप ईशरवाल, स्पार्क हॉस्पिटल के संचालक रामनिवास लांबा, डॉ. सुनिता लांबा, लॉयंस क्लब सचिव रामगोपाल गुप्ता, जिला पर्यावरण सुधार समिति की अध्यक्ष एडवोकेट अंजू शर्मा, सचिव अभिषेक मुरारका, संस्था की कार्यकर्ता भंवरीदेवी, बबिताकुमारी, पूनम जांगिड़, साक्षी शर्मा, अनूप सैनी, मदनलाल सोनी, जितेंद्र सोनी आदि मौजूद थे। सामाजिक कार्यकर्ता राजेश अग्रवाल ने बताया कि इस अभियान के तहत 11 जनवरी को अग्रसेन सर्किल समेत अन्य जगहों पर चाइनीज मांझे से होने वाले हादसों को रोकने के लिए गले की सुरक्षा के लिए नेक बेल्ट लगाए जाएंगे।

**राजस्थान** | जागरूक टाइम्स | जयपुर, गुरुवार, 6 जून, 2024

## महिलाओं ने रक्षा सूत्र बांधकर मनाया विश्व पर्यावरण दिवस



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय के नजदीक गांधी ग्राम रामसरा के मोक्ष धाम में वृक्षों को महिलाओं ने पूजा कर रक्षा सूत्र बांधकर वृक्ष बंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल व जिला पर्यावरण सुधार समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया कार्यक्रम में सैंकड़ों महिलाओं ने मंगल गीत गाते हुए वृक्षों को रक्षा सूत्र बांधते हुए तिलक लगाकर उनका अभिनंदन किया। उनके लंबे जीवनकाल की कामनाएं की। इस अवसर पर महिलाओं ने बताया कि जिस प्रकार गर्मी ने अपना प्रचंड रूप दिखाया है उससे हमें सबक लेते हुए पर्यावरण में वृक्षों की महता को आम जनता तक जन-जन तक पहुंचाना चाहिए और साथ ही प्लास्टिक की सिंगल यूज चीजों का संपूर्ण रूप से बहिष्कार करना चाहिए। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेतना ग्रुप के एडवोकेट रामेश्वर प्रजापति प्रदूषण नियंत्रण मंडल की अधिकारी निर्मला, जिला पर्यावरण समिति की डायरेक्टर भंवरी देवी, मंजुला नायक, बबिता, किशन वर्मा, भाजपा नेता असगर अली जोईया, सुनीता देवी प्रजापत, सिलोचना देवी, रुकमणी देवी, भंवरी देवी, राजू देवी, रूपाराम नायक, ओमप्रकाश, सुगनाराम सहित सैकड़ो महिलाएं व पुरुष उपस्थित थे सभी ने यह संकल्प लिया की इस वर्ष हम अधिक से अधिक पेड़ लगाकर प्लास्टिक की हर चीज को बहिष्कार करेंगे अगर हम अब भी समय रहते नहीं चेत पाए तो आने वाला समय हमें माफ नहीं करेगा।

## राजेश अग्रवाल लेंगे इंटरनेशनल ट्रेनिंग में हिस्सा



**झुंझुनूं (सीमा सन्देश सं)।** पर्यावरण के संरक्षण के साथ-साथ संवर्धन की दिशा में काम करने वाले सामाजिक कार्यकर्ता व जिला पर्यावरण सुधार समिति के सचिव राजेश अग्रवाल को क्लाइमेट चेंज पर आयोजित होने वाली इंटरनेशनल ट्रेनिंग प्रोग्राम के लिए न्यौता मिला है।

राजेश अग्रवाल 24 से 27 सितंबर तक काठमांडू में आयोजित होने वाली चार दिवसीय इंटरनेशनल ट्रेनिंग आन क्लाइमेट एक्शन सीरिज 3 में हिस्सा लेंगे। प्रोग्राम डायरेक्टर अरूण खडका ने उन्हें पत्र भेजा है। जिसमें उन्होंने बताया कि इस ट्रेनिंग कार्यक्रम में एशिया के विभिन्न देशों भारत, नेपाल, भूटान, बांग्लादेश, पाकिस्तान, श्रीलंका, पोलेंड व इंडोनेशिया के 60 प्रतिनिधि शामिल होंगे। जिनमें क्लाइमेट एक्टिविस्ट, रिसर्चर्स, स्कॉलर्स, गवरमेंट रिप्रेंजेटिव, सिविल सोसायटी पायोनियरस शामिल है।

जो क्लाइमेट चेंज को लेकर चर्चा करेंगे और अपने अपने अनुभवों को साझा करेंगे। यह आयोजन सीपशाला एस्किल हब, यूथ डवलपमेंट सेंटर तथा लैंड अवर फ्यूचर के सहयोग से हो रहा है। इस ट्रेनिंग प्रोग्राम में जिला पर्यावरण सुधार समिति के कोषाध्यक्ष अभिषेका मुरारका भी हिस्सा लेंगे।



## बाल विवाह रोकथाम के लिए जागरुकता हस्ताक्षर अभियान का आयोजन

**चूरू ( दैनिक आस-पास )।** महिला अधिकारिता विभाग के सौजन्य से जिला पर्यावरण सुधार समिति द्वारा अक्षय तृतीया बाल विवाह रोकथाम जागरूकता हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को जिला कलेक्टर पुष्पा सत्यानी के हस्ताक्षर से आरंभ किया गया इस दौरान डीएम मैडम ने बताया कि जिले में होने वाले बाल विवाह को रोकने और निगरानी बनाए रखे और जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने की कोशिश करे। इस दौरान एसडीएम विजेंद्र सिंह महिला अधिकारिता विभाग के निदेशक विपल्व न्योला,जयप्रकाश ,रामेश्वर जी प्रजापत,पूर्व सीडब्ल्यूसी के सदस्य योग्यता प्रजापत ,जिला पर्यावरण सुधार समिति के किसन वर्मा,भंवरी देवी,चाइल्ड लाइन समन्वयक पन्ने सिंग ,पूर्व अल्पसंख्य अधिकारी असगर जी जोया, इव अन्य गण मौजूद रहे।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर निकाली जागरूकता रैली



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** विश्व पर्यावरण दिवस पर राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल एवं वन विभाग झुंझुनूं के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। पर्यावरण जन जागरूकता रैली को जिला परिषद सीईओ अंबालाल मीणा, वन विभाग के डीएफओ बनवारीलाल नेहरा, पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी दीपक धनेटवाल, जिला युवा अधिकारी डॉ. मधु यादव व पर्यावरण सुधार समिति के सचिव राजेश अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पर्यावरण जन जागरूकता रैली शहीद जेपी जानूं स्कूल से शुरू होकर झुंझुनूं शहर के विभिन्न मार्गों से होती हुई कलेक्ट्रेट सर्किल पहुंची। जहां पर सूचना केंद्र में विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण कर सभी को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलवाई गई। जिला परिषद सीईओ अंबालाल ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस पर जन जागरूकता रैली निकाली गई है। जिलेभर में पौधारोपण को लेकर विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसको लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है। मानसून के साथ ही जिले भर में पौधारोपण शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा की जिस तरह से मौसम में परिवर्तन और हीट वेव है उसको देखते हुए एक मात्र विकल्प पौधारोपण का है। रैली के माध्यम से आमजन से भी अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की गई है। वन विभाग के डीएफओ बनवारीलाल नेहरा ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस पर जागरूकता से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस साल जिले में 9 लाख 73 हजार 899 पौधों का वितरण किया जाएगा। वहीं 8 लाख से अधिक पौधे वन विभाग द्वारा लगाए जाएंगे। इस मौके पर क्षेत्रीय वन अधिकारी झुंझुनूं श्रवण कुमार झाझड़िया, क्षेत्रीय वन अधिकारी उदयपुरवाटी विजय कुमार, क्षेत्रीय वन अधिकारी अमित कुमार सैनी भी मौजूद थे। रैली समापन पर सूचना केंद्र में हुए कार्यक्रम में विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पाने वाले को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात विश्व पर्यावरण दिवस पर जन-जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से कठपुतली नृत्य का आयोजन किया गया। अंत में उपस्थित सभी को कपड़े के बैग वितरित कर प्लास्टिक पर रोक लगाकर पर्यावरण को प्रदुषण मुक्त बनाने का संदेश दिया।

## बच्चों ने चित्रों से बताया, कैसे भारत बने प्लास्टिक मुक्त

पर्यावरण सुधार समिति की ओर से पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम




यशदीप खबर } झुंझुनूं

झुंझुनूं शहर के श्री राणी सतीजी बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के देवकी देवी पाटोदिया सभागार में शनिवार को पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय भारत सरकार, वन विभाग झुंझुनूं व जिला पर्यावरण सुधार समिति द्वारा तत्वावधान में प्लास्टिक मुक्त भारत विषयक चित्रकला प्रतियोगिता के साथ लेखन, गायन और नारा प्रतियोगिता गता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिताओं में विद्यालय की 100 से अधिक छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता समन्वयक भंवरी देवी ने बताया कि प्रतियोगिता का निर्णय 22 अप्रेल को घोषित किया जाएगा। जिसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाले छात्राओं को आकर्षक पुरस्कार व प्रमाण पत्र दिया जाएगा। अन्य सभी प्रतिभागी छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। प्रतियोगिता के आयोजक भरत कुमार वन विभाग अधिकारी, प्रमोद कुमार सहायक अधिकारी, समन्वयक भंवरी देवी व विद्यालय सचिव लक्ष्मीकांत शर्मा, प्रधानाचार्या मधु शर्मा, रंजनी शर्मा, अनिता, मोनिका तंवर व समस्त स्टाफ मौजूद रहा। इधर, पर्यावरण सुधार समिति के सचिव राजेश अग्रवाल ने बताया कि विश्व पृथ्वी दिवस पर आयोजित इस प्रतियोगिता के अलावा 22 अप्रेल को बीड़ क्षेत्र में स्कूली बच्चों को हिरण सफारी करवाई जाएगी। इसके अलावा पुरस्कार वितरण और संगोष्ठी का आयोजन होगा।


आपणो रेडियो
FM 91.2
झुंझुनूं की आवाज़
ON AIR
मॉर्निंग मूड
RADIO 91.2 FM
RJ Poonam


आपणो रेडियो
FM 91.2
झुंझुनूं की आवाज़
Merry Cristmas


आपणो रेडियो
FM 91.2
झुंझुनूं की आवाज़
We,Are
Hiring!
JOIN OUR TEAM! RADIO INTERNSHIP OPPORTUNITY
Are you passionate about music, media, and broadcasting?
Kickstart your career in radio with [91.2 Fm Jhunujhunu]!
RADO INTERN
ON AIR
What We Offer:
✓ Hands-on experience in live broadcasting
✓ Learn from industry experts
✓ Build your portfolio and network
Roles Available:
On-Air Personality
Content Creator
Audio Production
Social Media Manager
Apply Now!
Email your resume and a short pitch to
[fm91.2zpssjhunjhunu@gmail.com]
Deadline: [+91 9051131415]
Make your voice heard. Shape the future of radio with us!


आपणो रेडियो
FM 91.2
परवाह
जिला पर्यावरण सुधार समिति द्वारा सड़क सुरक्षा माह में आवारा गायों व कुत्तों से मध्य रात्रि में दुर्घटना से बचाव हेतु रेडियम बेल्ट कार्यक्रम ।
संयुक्त तत्वाधान में परिवहन विभाग और यातायात पुलिस
स्थान स्पार हॉस्पिटल गुड़ा मोड झुंझुनूं।

# महिलाओं को दिया पशुपालन का प्रशिक्षण

चिरंज

तारानगर ( नवयत्न )। निकटवर्ती ग्राम रामपुरा में राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड के सौजन्य से स्वयंसेवी संस्था जिला पर्यावरण सुधार समिति द्वारा 120 स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को पशुपालन का प्रशिक्षण देकर प्रशिक्षित किया गया। इनमें से दो स्वयं सहायता समूह की 20 महिलाओं को बड़ौदा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक से ऋण दिलवाकर उनकी इकाई स्थापित करवाई गई।



इसी में तहत दो महिलाएं पिंकी देवी पत्नी महावीर प्रसाद धाणक व द्रोपती देवी पत्नी महेश कुमार सैनी को दो-दो गाय व उनके रख रखाव के उपकरण स्वयंसेवी संस्था जिला पर्यावरण सुधार समिति ने नाबार्ड के सहयोग से निःशुल्क प्रदान किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक के सहायक महाप्रबंधक जीएल निर्वाण ने कहा कि पशुपालक और खेती भारत की अर्थव्यवस्था की आत्मा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्य अमिक कंवर ने महिलाओं को कहा कि ऐसी योजनाओं का लाभ उठाकर आप स्वालंबी बने संस्था के सचिव राजेश अग्रवाल ने उपस्थित समूह की महिलाओं को कहा कि आप भी गोपालन पशु बीमा योजना के तहत पशुओं का बीमा करवा कर अपना भविष्य सुनिश्चित करें। इस अवसर पर भारतीय जीवन बीमा निगम के श्रीकांत अत्रे ने प्रधानमंत्री सखी बीमा योजना की जानकारी महिलाओं को प्रदान की। पिंकी धाणक व द्रोपती सैनी ने नाबार्ड से दो दो गाय प्राप्त कर बहुत ही प्रसन्नचित नजर आई और उन्होंने संकल्प लिया कि हम इससे अपने परिवार का पालन पोषण अच्छे से कर पाएंगे। कार्यक्रम में संस्था की निदेशक भंवरी देवी, अलायला पंचायत की साथीन संतोष, बैंक सखी मोनिका ग्राम सेवा सहकारी समिति से शपुष्पा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अनुप सैनी व साक्षी सैनी ने किया।

रचनात्मक पहल

**नाबार्ड के सहयोग से 90 महिलाओं को मिलेगा स्वरोजगार योजना में प्रशिक्षण**

# मथुरा-वृंदावन की तर्ज पर श्यामनगरी में बनेगी भगवान की पोशाक

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

- लड्डू गोपाल की पोशाक बनाने का प्रशिक्षण लेंगी राजीविका से जुड़ी महिलाएं
- जिला पर्यावरण सुधार समिति की ओर से दिया जाएगा महिलाओं को 20 दिन का प्रशिक्षण
- महिलाओं के लिए खुलेंगी आत्मनिर्भर बनने की राहें

**खाटूश्यामजी.** अब मथुरा वृंदावन की तरह खाटूश्यामजी क्षेत्र में भगवान की पौशाक बनाई जाएगी। इसके लिए नाबार्ड के सहयोग से जिला पर्यावरण सुधार समिति झुंझुनूं की ओर से राजीविका की महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए कस्बे के सहकारी समिति सभागार में बैठक हुई। इसमें डीडीएम नाबार्ड सीकर एमएल मीणा - ने कहा कि प्रशिक्षण हासिल करने के बाद महिलाएं लड्डू गोपाल की पोशाक व श्रृंगार का सामान बनाकर और उसे बाजार में बेचकर अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत कर सकेगी। सहकारी सहकारी अध्यक्ष -श्याम सुंदर पूनिया ने राजीविका के समूह को सहकारी समिति रोजगार के लिए ऋण दिलवाने का आश्वासन दिया। समिति जिला समन्वयक राम अवतार पारीक ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर में स्वयं सहायता समूहों की 90 महिलाओं को भगवान लड्डू गोपाल की पोशाक, झूला, श्रंगार आदि सामान बनाने का 20 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सहकारी समिति के सभागार में दिया जाएगा । समिति के सचिव राजेश अग्रवाल, जिला ट्रेनर चांदनी शर्मा व श्री श्याम राजीविका कलस्टर प्रबंधक शशिबाला स्वामी ने भी महिलाओं को रोजगार संबंधित जानकारी दी। सहकारी व्यवस्थापक मालीराम निठारवाल व सहायक व्यवस्थापक एस कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर ब्लॉक कॉर्डिनेटर श्रीपाल कंवाडिया, रोहित पारीक मुंडरू, रोहित सेन सहित काफी लोग मौजूद रहे।



**खाटूश्यामजी.** प्रशिक्षण बैठक में मौजूद अतिथि व राजीविका से जुड़ी महिलाएं।

## रामनवमी महोत्सव की तैयारियों की बैठक

**सीकर.** श्री बैजनाथ सोभासरिया ट्रस्ट की ओर से आयोजित दो दिवसीय श्रीराम जन्म महोत्सव की तैयारियों को लेकर सोमवार को मीटिंग का आयोजित की गई। मीटिंग में ट्रस्ट के प्रतिनिधि घनश्याम प्रसाद सोभासरिया एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने कार्यक्रम से संबंधित विभिन्न जानकारियां हासिल की। अष्टमी को सोभासरिया विश्राम भवन स्थित श्रीराम मंदिर से निकलने वाली भव्य शोभायात्रा एवं नवमी को श्रीराम जन्मोत्सव की तैयारियों को लेकर कार्यकारिणी सदस्यों को उनके कार्यों की जिम्मेदारी दी गई। इस अवसर पर सुरेश अग्रवाल, सीए सुनील मोर, राधेश्याम मोर, कमल सोभासरिया, श्याम सुंदर सोभासरिया, श्रवण सोभासरिया, विनोद सोभासरिया, भंवरलाल जयसनसरिया, गिरधारी लाल पंसारी, विजय कुमार झाझूका, संजय शर्मा, प्रमोद सर्राफ, रामस्वरूप शर्मा व उमेश माथुर आदि शहर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## -:संस्था के पार्टनर:-
## वर्ष 2024-2025

1. सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली।
2. महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली।
3. सास्कृतिक मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली।
4. महिला अधिकारिता विभाग, राजस्थान सरकार जयपुर।
5. सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, राजस्थान सरकार जयपुर।
6. बाल अधिकारिता विभाग, राजस्थान सरकार जयपुर।
7. राष्ट्रीय कृषि ओर ग्रामीण विकास बैंक, ( नाबार्ड ) जयपुर।
8. नगर निगम सीकर।
9. युनिसेफ।
10. वाघदरा स्वंय सेवी संस्था।
11. एलाईन्स ऑफ कम्यूनिटी रेडियो राजस्थान जयपुर।
12. स्थानीय जिला प्रशासन।
13. नेहरू युवा केन्द्र, झुंझुनूं व चुरू।
14. पृथ्वी विक्षन मंत्रालय, भारत सरकार।
15. बैंकर ग्रामीण विकास संस्थान ( बर्ड ) लखनऊ।
16. चाईल्ड लाईन इण्डिया फाउन्डेशन मुम्बई।

राजेश अग्रवाल



नाबार्ड द्वारा LEDP के तहत खाटूश्यामजी की महिलाओं को वृन्दावन भ्रमण।

LEDP रामपुरा में 2 प्रशिक्षणार्थी गाय भेंट की गई



## संस्थान का प्रशासनिक कार्यालय


**राजकीय बालिका महल प्राथमिक स्कूल के सामने, वार्ड नं. 46, झुंझुनूं ( राज. )**

**Tel.& Fax No. :- 01592-230952, 294134**

E:mail: jzpss_c1@yahoo.co.in, jjnjzpss@gmail.com, childline1098churu@gmail.com

**Website:-www.zpss.org.in**


## क्षेत्रीय कार्यालय


चाईल्ड हेल्पलाईन 1098
सामुदायिक भवन के पीछे, अग्रसेन नगर,
ज्योति नगर, चूरू ( राज )
फोन न. 01592-250700
E:mail: childline1098churu@gmail.com

पंसारी हवेली, अग्रवाल समाज के सामने,
रींगस बाजार, श्रीमाधोपुर जिला सीकर
फोन न. 9799282898

अध्यक्ष
ऐजाज नबी
जिला पर्यावरण सुधार समिति, झुंझुनूं

सचिव
राजेश अग्रवाल
जिला पर्यावरण सुधार समिति, झुंझुनूं